हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 जून 2026

06 एसडीएम आरोन ने खाद वितरण केंद्रों का किया...

08 भागवत कथा में सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुए...

समाचार संक्षेप

गुना में प्रजापति कुंभकार महासंघ की बैठक संपन्न

गुना। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ जिला इकाई गुना द्वारा सामाजिक एकजुटता, संगठन के विस्तार और भावी कार्ययोजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान जिला गुना के अंतर्गत संचालित निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के विशेष सहयोगी अंगों और कर्मठ पदाधिकारियों का समाजजनों द्वारा माला पहनाकर भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। बैठक में उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों और

युवाओं ने संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार साझा किए और सर्वसम्मति से कई ठोस निर्णय लिए। इसके साथ ही आगामी दिनों में आयोजित होने वाले निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार की गई और समिति के सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं ताकि कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जा सके।बैठक में यह पदाधिकारी रहे मुख्य रूप से उपस्थितइस गरिमामयी बैठक में मुख्य रूप से प्रजापति कुंभकार महासंघ के प्रदेश सचिव लक्ष्मण प्रजापति, जिला अध्यक्ष नन्नूलाल प्रजापति, जिला महासचिव डॉ. तारा सिंह प्रजापति (हरिपुर), जिला उपाध्यक्ष मिट्ठू लाल प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष मुंशीलाल प्रजापति, जिला संगठन मंत्री संतोष भदौर, जिला महामंत्री सुरेंद्र प्रजापति और प्रखर समाजसेवी कार्यकर्ता नंदकिशोर प्रजापति (गोपालपुरा) उपस्थित रहे। इनके अलावा समाज के कई अन्य वरिष्ठ नागरिक, प्रबुद्ध जन और युवा कार्यकर्ता भी बैठक में शामिल हुए और समाज हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

टीवी देखते-देखते लग गई झपकी, चोर ले उड़ा लाखों की चांदी, पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद

गुना। शहर के सर्राफा बाजार में शनिवार दोपहर एक हैरान कर देने वाली चोरी की वारदात सामने आई। दुकान में बैठे सर्राफा व्यापारी को झपकी लगते ही एक शातिर बदमाश लाखों रुपये कीमत की चांदी से भरा बैग लेकर फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, छोटा सर्राफा स्थित मनोज ज्वेलर्स के संचालक मनोज कुमार जैन शनिवार दोपहर अपने पिता सुमेरचंद जैन को दुकान पर छोड़कर बड़े जैन मंदिर गए हुए थे। दोपहर के समय बाजार में ग्राहकी कम होने के कारण सुमेरचंद जैन दुकान के अंदर टीवी देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें हल्की झपकी आ गई।करीब दोपहर 2:10 बजे एक अज्ञात युवक दुकान के सामने पहुंचा और कुछ देर तक आसपास का जायजा लेने के बाद काउंटर के पास पहुंच गया। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि आरोपी ने बड़ी सफाई से काउंटर का शीशा खोला और उसमें रखा चांदी से भरा बैग निकालकर अपने थैले में रख लिया। बताया जा रहा है कि बैग में करीब 5 किलो कच्ची चांदी और साढ़े तीन किलो पक्की चांदी रखी हुई थी।चोरी के दौरान व्यापारी की आंख खुली भी, लेकिन तब तक आरोपी वहां से निकल चुका था। परिजनों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में आरोपी पहले कोटेश्वर मंदिर वाली गली की ओर जाता दिखाई दिया। इसके बाद वह दोबारा दुकान के सामने से निकलते हुए मंडी पुलिया और उदासी आश्रम की दिशा में फरार हो गया।शाम को जब दुकान का हिसाब-किताब किया गया तो चांदी का बैग गायब मिला। इसके बाद परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें पूरी वारदात सामने आ गई। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने और उसे पकड़ने के प्रयास कर रही है। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से सर्राफा व्यापारियों में चिंता और नाराजगी का माहौल है।

टेकरी मंदिर ट्रस्ट ने अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी दी

मंदिर में स्थित शंकरजी के विग्रह के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्थानीय टेकरी मंदिर को लेकर हाल के विवादों और अफवाहों के बीच प्रशासन ने आज एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इसमें स्पष्ट किया गया कि मंदिर में स्थित शंकरजी के विग्रह के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी।

अफवाहों पर पूर्ण विराम

प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मंदिर के संबंध में गलत और भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही थी। इन अफवाहों का उद्देश्य समाज में वैमनस्य फैलाना और शांति व्यवस्था को बाधित करना था। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि मंदिर की गरिमा और धार्मिक आस्थाओं को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी।श्री हनुमान टेकरी धाम के पुजारी परिवार ने रविवार को एक खुला पत्र जारी कर श्री हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट के कार्यों का समर्थन करते हुए ट्रस्ट पर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताया है। पुजारियों ने श्रद्धालुओं एवं सनातन समाज से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम और अफवाहों से दूर रहें तथा टेकरी धाम के विकास में सहयोग

करें।जारी पत्र में कहा गया है कि श्री हनुमान टेकरी धाम आज देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में अपनी पहचान बना चुका है। यह उपलब्धि श्री टेकरी सरकार की कृपा, क्षेत्र के श्रद्धालुओं के सहयोग तथा मंदिर ट्रस्ट की दूरदर्शी योजनाओं का परिणाम है।

पुजारियों ने बताया कि वे पीढ़ियों से मंदिर में सेवा-पूजा करते आ रहे हैं और मंदिर के विकास तथा प्रबंधन को निकटता से देखते रहे हैं।पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2004 तक जहां टेकरी पर एक छोटा मंदिर था, वहीं आज वह एक विशाल एवं भव्य धार्मिक परिसर के रूप में विकसित होकर ₹श्री टेकरी धाम₹ बन चुका है। इस विकास में ट्रस्ट पदाधिकारियों, ट्रस्टियों और लाखों श्रद्धालुओं का योगदान रहा है।पुजारियों ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक एवं स्वार्थी तत्व अपने निजी हितों की पूर्ति न होने के कारण मंदिर ट्रस्ट के खिलाफ अनर्गल आरोप लगाकर विवाद उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोग समाज को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि ट्रस्ट पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ मंदिर के विकास एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए कार्य कर रहा है।उन्होंने सनातन समाज से आह्वान किया कि वे ऐसे तत्वों के बहकावे में न आएं और टेकरी धाम को और अधिक भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए मंदिर ट्रस्ट का सहयोग करें।

उधारी वसूलने युवक को मरघट के पास बुलाया था

500 की उधारी के लिए युवक के पेट में पांच वार चाकू घोंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच बीती रात एक सनसनीखेज वारदात ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। महज 500 के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया। आरोपी ने युवक के पेट में एक-दो नहीं बल्कि लगातार पांच वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर कर तड़पता रहा। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और शहर की कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में गहरी चिंता दिखाई दे रही है।

जानकारी के अनुसार कैंट थाना क्षेत्र के रहने वाले 20 वर्षीय सौम्य करोसिया ने अपने परिचित भूरा रघुवंशी से 500 रुपए उधार लिए थे। रात करीब 9:30 बजे भूरा ने सौम्य को फोन कर कैंट क्षेत्र स्थित मुक्तिधाम (मरघट शाला) के पास बुलाया। यहां दोनों के बीच रुपये के लेन-देन को लेकर बातचीत शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद और गाली-गलौज में बदल गई। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार विवाद बढ़ता देख सौम्य ने अपने चाचा और अन्य परिजनों को मौके पर बुला लिया। परिजनों के पहुंचने के बाद मामला शांत होने के बजाय और अधिक उग्र हो गया। आरोप है कि इसी दौरान भूरा रघुवंशी ने आक्रोश में आकर चाकू निकाल लिया और सौम्य पर जानलेवा हमला कर दिया।

पेट में लगातार पांच वार, खून से लथपथ होकर गिरा युवक

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने बेहद आक्रामक तरीके से सौम्य के पेट पर लगातार पांच वार किए। अचानक हुए हमले से युवक संभल भी नहीं पाया और गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल युवक को परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे गहरे घाव आए हैं।

रातभर सक्रिय रही पुलिस, आरोपी गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी की तलाश शुरू की और देर रात भूरा रघुवंशी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा उसके खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। पिछले कुछ दिनों में गुना शहर में लूट, चैन स्नैचिंग, झपटमारी, मारपीट और चाकूबाजी जैसी घटनाओं में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। अब 500 के विवाद में खुलेआम चाकू से पांच वार कर दिए जाने की घटना ने आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि मामूली विवाद भी अब जानलेवा हमलों में बदलने लगे हैं तो यह समाज में बढ़ती असहिष्णुता और अपराधियों के मन से कानून का भय खत्म होने का संकेत है।

समाज के लिए चिंताजनक चेतावनी

यह घटना केवल दो युवकों के बीच विवाद नहीं, बल्कि उस मानसिकता का उदाहरण है जिसमें छोटी-छोटी बातों पर हिंसा का सहारा लिया जा रहा है। कुछ सौ रुपये के विवाद में किसी की जान लेने की कोशिश यह बताती है कि समाज में संवाद और संयम की जगह आक्रोश और हथियार लेते जा रहे हैं।

यदि समय रहते ऐसी प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में हालात और चिंताजनक हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन शहरवासियों के मन में एक ही सवाल है कि आखिर गुना में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों होते जा रहे हैं?

चंद घंटों के भीतर ही आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा

गुना। गुना पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में जिले में अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाहियां की जा रही हैं । विशेष रूप से हिंसक एवं गंभीर अपराधों में पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाहियां सुनिश्चित की जा रही है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना कैंट प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव एवं उनकी टीम द्वारा थाना अंतर्गत मुक्तिधाम के पीछे पटेलनगर में जानलेवा हमले के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है ।

धर्मसभा में बोले मुनिश्री सुधासागर महाराज

बेटे के मांगने से पहले भोजन देना बेटे के लिए वरदान है

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राजा बेटा माँ से कभी रोटी मांग कर नहीं खाता है क्योंकि मांग कर तो बेटा नहीं भिखारी खाता है। यदि बेटा योग्य हो जाये तो पिता को अपनी वसीयत बिना मागे बेटे को दे देना चाहिए क्यों कि बिना मागे दी गई वसीयत सर्वश्रेष्ठ होती है। यह उद्गार जगत पूज्य मुनिश्री सुधा सागर महाराज ने आज धर्मसभा को संबोधित करते हुयें व्यक्त किया है। मुनिश्री ने कहा यदि बेटा बड़ा (योग्य) हो जाए तो पिता को अपनी संपत्ति बिना मागे ही दे देना चाहिए क्योंकि बिना मागे दी गयी संपत्ति बच्चों के लिए वरदान होती है। उन्होंने कहा बिना मागे पापा से जो वसीयत कोड़ी के रूप में मिलेगी वह करोड़ो की हो जाएगी। वही दूसरी ओर बच्चों को आगाह करते हुए कहा कभी भी पिता की संपत्ति पर अपनी नियत खराब नहीं करना अन्यथा जीवन में कभी भी सफल नहीं हो पाओगे। माँ और बेटे के सम्बन्ध में मुनिश्री ने कहा कभी बेटा भोजन करने आये तो माँ अथवा पत्नी को बिना मागे भोजन परोस देना चाहिए क्योंकि बिना मागे किया हुआ भोजन ही बच्चे की लिए वरदान होता है। परंतु आज यह परंपरा समाप्त हो गई है और इसका परिणाम यह है कि माँ और पत्नि द्वारा दिया गई भोजन वरदान सिद्ध नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा पहले बच्चा यदि खेलने जाता था तो माँ चिंता करके बच्चे को भोजन करती थी परन्तु आज यह सब समाप्त हो गया है।

भाजपा का विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आज

पूर्व विधायक जीतू जिराती आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक जीतू जिराती एक दिवसीय प्रवास पर गुना आ रहे हैं जहां वे मोदी सरकार के बारह वर्ष पूर्व होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे ।इसी क्रम में पार्टी द्वारा विकसित भारत के संकल्प को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने के उद्देश्य से सम्मेलन का आयोजन दोपहर पवन श्री मांगलिक भवन में आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के प्रबुद्धजन, व्यापारी वर्ग, चिकित्सक, अधिवक्ता, केमिस्ट,सामाजिक संगठन एवं समाज जीवन से जुड़े प्रतिष्ठित नागरिकों की सहभागिता रहेगी। जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती सोमवार को नगरपालिका प्रांगण में आयोजित जनकल्याण शिविर में सम्मिलित होंगे,इसके बाद वे विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में भाग लेंगे, वहाँ से वे जिज्जी की पंचायत पहुंचकर स्व सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद करेंगे ,इसके बाद वे मावन स्थित पॉली हाउस पहुंचकर उन्नत कृषक के साथ संवाद करेंगे साथ ही एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत पौधारोपण करेंगे एवं समाज सेवियों का सम्मान करेंगे। उनके आगमन की तैयारियाँ को लेकर पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई जिसमें नपा अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, जिला महामंत्री रवींद्र रघुवंशी,संतोष धाकड़,चंद्रप्रकाश अहिरवार, अशोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु पतंजलि परिवार की विशेष बैठक संपन्न

बैठक में महिलाओं व युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि परिवार द्वारा स्वतंत्रता पार्क, गुना में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य योग दिवस कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाना तथा अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करना था।बैठक को संबोधित करते हुए पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंद्र रघुवंशी ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं योग शिक्षकों से आह्वान किया कि वे गुना जिले में संचालित सभी योग कक्षाओं में नियमित प्रवास कर साधकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि योग दिवस पर अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।महिला पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी ने सुझाव दिया कि गुना नगर के विभिन्न वार्डों में तीन दिवसीय योग शिविर आयोजित कर योग दिवस के प्रति व्यापक जनजागरण किया जाए तथा अधिक से अधिक साधकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन जीने की उत्कृष्ट जीवनशैली है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। बैठक में संरक्षक हरि सिंह यादव,कार्यकारणी सदस्य वीरेंद्र धाकड़ जिला प्रभारी बाबूलाल यादव , महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी सीमा शर्मा, युवा भारत जिला प्रभारी महेश पाल ,तहसील प्रभारी रानी शर्मा जिला योग आयोग के जिला अध्यक्ष हरिओम राठौर, जिला संवाद प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी नरोत्तम यादव, जिला संगठन मंत्री भानु तोमर,योग शिक्षक कृष्ण पाल किरार तहसील प्रभारी धनीराम ग्वाल, सह-तहसील प्रभारी विजय साहू सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं योग शिक्षक उपस्थित रहे।बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने, प्रत्येक योग कक्षा से अधिक से अधिक साधकों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने योग दिवस को ऐतिहासिक, प्रेरणादायक एवं सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

रायल यादव कालोनी स्थित सूने घर से चोरी के मामले में 3 आरोपी को गिरफ्तार किया

गुना । कैंट थाना पुलिस द्वारा रायल यादव कालोनी स्थित एक सूने घर से हुई चोरी की बारदात का सफल खुलासा करते हुए 03 आरोपी चोर गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से चोरी गया संपूर्ण माल बरामद कर लिया है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 13 जून 2026 को फरियादी राजेश रघुवंशी निवासी रायल यादव कालोनी थाना कैंट गुना के द्वारा कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 15 दिन पहले वह अपने घर का ताला लगाकर परिवार सहित अपने गांव गया हुआ था, जब वह दिनांक 12 जून 2026 को वापस घर आया तो उसने देखा की घर के मैन गेट का ताला टूटा होकर घर के अंदर लगी एलईडी टीवी, दो गैस सिलेंडर एवं एक आर्टीफिशियल चैन गायब थी जिन्हें कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है । उक्त रिपोर्ट पर से कैंट थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर प्रकरण की विवेचना प्रारंभ की गई । घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए साथ ही अन्य तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण एवं मुखिबर तंत्र के सहयोग से अज्ञात आरोपियों की पहचान के लगातार प्रयास किए गए । पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपीगण -नरेन्द्र पुत्र संतोष लोधा उम्र 19 साल निवासी गोपालपुरा केंट, 2-धर्मेन्द्र उर्फ मुर्गा पुत्र तोरन सिंह लोधा उम्र 24 साल निवासी चांदशाहबली रोड एवं छोटू पुत्र लटूर सिंह लोधा उम्र 24 साल निवासी ग्राम पुरापोसर थाना कैंट गुना को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा उक्त चोरी करना स्वीकार किया ।

गुना जिले की 2 लाख 26 हजार 779 लाड़ली बहनें हुई लाभान्वित

गुना । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सागर जिले के केसली विकासखंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की 37 वीं किश्त लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की गयी। इसमें एक करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में 1835 करोड़ रूपये अंतरित की गयी हैं।जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाड़ली बहनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लाईव संबोधन को देखा एवं सुना गया। इस दौरान गुना जिले की 02 लाख 26 हजार 779 लाडली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 33,44,57,000/-(तैतीस करोड़ चावालीस लाख सतावन हजार रूपये) की राशि अंतरित की गयी। कार्यक्रम में कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक दिनेश चंदेल सहित लाड़ली बहनें उपस्थित थी।

समाचार संक्षेप

नगर पालिका में स्वनिधि महोत्सव के तहत लोक कल्याण शिविर आयोजित

राघौगढ़ । मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव के दिशा निर्देशानुसार 12 से 18 जून तक नगर पालिका परिषद के परिसर में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'पीएम स्वनिधि' के अंतर्गत स्वनिधि महोत्सव लोक कल्याण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रेहड़ी-पटरी वालों, छोटे

दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना और उनके डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना था।शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहाँ सुबह से ही बड़ी संख्या में हितग्राही और नगरवासी अपनी समस्याओं के निराकरण तथा विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का लाभ लेने पहुंचे। शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र और अन्य सहायता सामग्रियां भी वितरित की गईं। इस दौरान शिविर में नगर पालिका परिषद के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

नपा क्षेत्र के उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं की बैठक लेकर सौंपे गए लक्ष्य

गुना। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर जिले के कुल 2,22,335 चिन्हित पात्र हितग्राहियों का दोबारा ई-केवाईसी करने के लिए एक विशेष महाअभियान शुरू किया गया है। शनिवार को जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अवधेश पांडेय के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा जिला खाद्य कार्यालय में गुना नगरपालिका क्षेत्र के सभी शासकीय उचित मूल्य दुकान (कंट्रोल) विक्रेताओं की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली गई।हर 5 साल में दोबारा ई-केवाईसी कराना अनिवार्यः शासनबैठक में मौजूद सभी राशन दुकान दुकानदारों को शासन के नए दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शासन के नियम अनुसार प्रत्येक 5 वर्ष में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आने वाले सभी पात्र हितग्राहियों के डेटा को अपडेट करने के लिए दोबारा ई-केवाईसी किए जाने का कड़ा प्रावधान है। बैठक के दौरान सभी उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को उनके क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उन हितग्राहियों की सूची भी प्रदाय की गई, जिनका ई-केवाईसी किया जाना शेष है।30 जून तक का समय, लापरवाही पर बंद हो सकता है राशनजिला आपूर्ति अधिकारी श्री अवधेश पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि प्रत्येक चिन्हित हितग्राही का ई-केवाईसी किया जाना पूरी तरह अनिवार्य है। यदि नियत समय में उपभोक्ता यह प्रक्रिया पूरी नहीं कराते हैं, तो आने वाले समय में उन्हें शासकीय राशन प्राप्त करने में गंभीर तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन ने इस विशेष अभियान के लिए 30 जून 2026 की अंतिम तिथि तय की है। सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे बिना समय गंवाए अपनी निकटतम राशन दुकान पर जाकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं।

अब बीनागंज ब्लॉक में किया जाएगा विस्तार

यूएनएफपीए समर्थित संचार अभियान से गुना ब्लॉक में बढ़ी स्वास्थ्य जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमा ऋषिश्वर तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों के सहयोग से यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड (UNFPA) द्वारा संचालित संचार एवं जनजागरूकता अभियान का गुना ब्लॉक में समापन किया जा रहा है। अभियान के अंतिम चरण में उमरी एवं मकरोड़ा ग्रामों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए गए।

यह अभियान समुदाय में परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया गया। गुना ब्लॉक में अभियान के दौरान मार्कीमाहू, शेरपुर, कंदई सहित अनेक ग्रामों को कवर किया गया, जहाँ पूर्व में मातृ मृत्यु के मामलों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक देखी जाती रही है। अभियान के माध्यम से समुदाय को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संदेशों से अवगत कराया गया तथा सेवाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित किया गया। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान) के अंतर्गत आयोजित विशेष कार्यक्रम में भी यूएनएफपीए समर्थित आई टीम ने सक्रिय सहभागिता की। सीएससी मार्कीमाहू में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच, सुरक्षित मातृत्व एवं संस्थागत प्रसव के महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।यूएनएफपीए के सहयोग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों से इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया जा सका।

विशेष रूप से आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा सुपरवाइजरों के सक्रिय सहयोग, घर-घर संपर्क एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों के कारण कार्यक्रम को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ। आशा कार्यकर्ताओं ने गर्भवती महिलाओं एवं परिवारों तक स्वास्थ्य संबंधी संदेश पहुँचाने, उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने तथा परिवार नियोजन एवं सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग एवं यूएनएफपीए सभी आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा सुपरवाइजरों के योगदान के लिए विशेष आभार व्यक्त करता है।

निशुल्क हेल्थ चेकअप मे हुई 70 मरीजों की जांच गरीबी रेखा के कार्ड वाले मरीजों को मिली मुफ्त दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के प्रख्यात डॉक्टर सतीश राजपूत द्वारा चलाये जा रहे महिलायो के निशुल्क हेल्थ कैंप मे गुना के अलावा आस पास के जिलों के मरीजों को काफी लाभ मिल रहा है। रविवार को कैंप मे लगभग 70 मरीजों को निशुल्क देखा गया और जिन मरीजों के पास गरीबी रेखा का कार्ड था उनको निशुल्क दवा भी दी गयी । उनकी यह पहल महिलाओ के लिए बरदान साबित हो रही है आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओ के लिए निशुल्क उपचार मिल रहा है जिससे उनके घरवालों को दिखाने मे झिझक नही हो रही है अभी महंगी फीस और जांचो के चक्कर मे महिलायो का उपचार नही करवा पा रहे थे तो ऐसे मे डॉक्टर राजपूत के द्वारा दी जा रही निशुल्क सेवा बरदान बन रही है । महिलाओ की छोटी छोटी परेसानी बाद मे बड़ी बन जाती ऐसे मे सही समय पर सही उपचार जरूरी है इसलिए ये नवाचार शुरू किया है । जिसकी चर्चा गुना जिले के अलावा आस पास के जिलों मे भी हो रही है अब पैसे के अभाव मे कोई अच्छे उपचार से बंचित नही रहेगा । अशोक नगर जिले से आई रानी ने बताया था डॉक्टर साहब के बारे मे सुना था की अच्छा उपचार करते है यहाँ आकर दिखाया तो अच्छा लगा । गरीबी रेखा का कार्ड था तो दबा भी निशुल्क मिली । महंगी फीस और जांचो के डर से 5 साल से बच्चे दानी की समस्या से झुज रहे थे । डॉक्टर साहब का बहुत मधुर व्यवहार है । विदिशा जिले से आये राधा का कहना है डॉक्टर साहब अच्छा काम कर रहे है । गरीबों को काफी फायदा हो रहा है आज के दौर मे इतना कोन करता है ।वही राजगढ़ से आये ओम कुमारी जो की पेट दर्द की समस्या से पीड़ित थी। उन्होंने बताया डॉक्टर साहब को हम पहले भी दिखा चुके ही अच्छा उपचार करते ही इसलिए हम एक साल बाद फिर तकलीफ होने पर दिखाने आये हैं ऐसे ना जाने कितने जरूरत मंद लोगों की निशुल्क कैंप के माध्यम से सहायता मिल रही है वही डॉ राजपूत का कहना है समाज मे महिलाओ के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आ रही और लोगों को लड़की लड़कों मे भेद भाव नही करना चाहिए हमारा लक्ष्य है गुना जिले मे महिलाएं स्वास्थ्य रहे हॉस्पिटल मे देखने मे आता है बहुत बार प्रसूति खून कमी मे आते जान कारी के अभाव और आर्थिक स्तिथि की वजह से उचित उपचार नहीं मिल पाता है तो इस पहल के माध्यम से उचित सलाह समय से मिल सके।

वार्ड क्र. 3 में नाला सफाई अभियान, पार्षद बबीता साहू व भाजपा नेता राजेश साहू ने की नागरिकों से स्वच्छता की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका गुना के वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद श्रीमती बबीता राजेश साहू के नेतृत्व में आज नालों की व्यापक सफाई कराई गई। मानसून पूर्व जलभराव एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए यह विशेष अभियान चलाया गया। सफाई के दौरान नालों में जमा कचरा, प्लास्टिक वेस्ट और गाद को निकालकर जल निकासी को सुगम बनाया गया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती बबीता साहू ने वार्डवासियों से अपील की कि केवल सफाई करवा देना पर्याप्त नहीं है, उसे बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। नागरिक नालों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि आपका और आपके परिवार का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। वार्डवासी घर का कचरा नालों में न बहाएं, डस्टबिन का उपयोग करें। आपका वार्ड तभी साफ रहेगा जब आप खुद जागरूक रहेंगे। स्वच्छता रैंकिंग में गुना को नंबर वन बनाए रखना हम सबका लक्ष्य है। इसमें जनता का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि निरंतर सफाई एवं नागरिकों के सहयोग से ही हमारा शहर स्वच्छता रैंकिंग में नंबर वन बना है। इस उपलब्धि को हमें बरकरार रखना है।स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना की और स्वच्छता अभियान में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुनील धाकड़, हेमंत ग्वाल, कमल धाकड़, आशीष प्रजापति, बल्लू कुशवाहा, गोलू जैन, कुलदीप कुशवाहा, बंटी खरे, फिरोज खान, महेश साहू, बंटी, विपिन मालवीय सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसडीएम आरोन ने खाद वितरण केंद्रों का किया निरीक्षण, किसानों से ली व्यवस्थाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

किसानों को समय पर एवं सुचारू रूप से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आरोन सुश्री महिमा चौधरी ने गुरुवार को तहसील क्षेत्र के सहकारी समिति स्तर के खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सहकारी समिति खजूरी एवं सहकारी समिति मूढ़राखुर्द पहुंचकर खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपस्थित किसानों से ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से हो रहे खाद वितरण के संबंध में चर्चा की।

किसानों ने बताया कि समिति स्तर पर खाद उपलब्ध होने तथा ई-टोकन व्यवस्था लागू होने से उन्हें सुविधाजनक एवं पारदर्शी तरीके से खाद प्राप्त हो रही है। किसानों ने वर्तमान व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।एसडीएम सुश्री चौधरी ने समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों को निर्देश दिए कि खाद का स्टॉक निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन दर्ज किया जाए तथा जारी किए गए ई-टोकनों के आधार पर किसानों को शीघ्र खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने समिति प्रबंधकों को अपने सदस्य किसानों की सूची तैयार कर उनसे संपर्क स्थापित करने तथा अधिक से अधिक किसानों के ई-टोकन जनरेट कर नियमानुसार खाद वितरण करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि समिति स्तर पर खाद वितरण की व्यवस्था से उर्वरक का विकेंद्रीकृत वितरण हो रहा है, जिससे किसानों को अपने क्षेत्र में ही आसानी से खाद उपलब्ध हो रही है और अनावश्यक भीड़ तथा परेशानी से राहत मिल रही है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अमित जैन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री रामदीन धाकड़, समिति प्रबंधक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

अधिक मास पर दान और सेवा भाव का कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा पवित्र अधिक मास के महापर्व पर एक सराहनीय सेवा कार्य का आयोजन गाँधी पार्क पर किया। संगठन की ओर से निर्धन और जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क गन्ना रस वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संगठन की महिला सदस्यों ने स्वयं आगे आकर, जरूरतमंदों के ठिकानों और निवास स्थानों पर जा-जाकर उन्हें गन्ना रस का पान कराया।

संगठन की अध्यक्ष अंजू दुबे ने बताया कि हिंदू धर्म में अधिक मास के दौरान दान और सेवा भाव का विशेष महत्व है, और इसी भावना को आधार मानकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में अध्यक्ष अंजू दुबे के साथ डॉ. रजनी शुक्ला, वंदना पाराशर, राखी तिवारी, मोनिका शर्मा, अर्चना उपाध्याय, मीनाक्षी पाठक, सरोज शर्मा और कमलेश दुबे सहित संगठन की कई महिलाएं मुख्य रूप से उपस्थित रहीं और सभी ने अग्रिम पंक्ति में रहकर सेवा लाभ लिया।

शिक्षक संघ ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन 18 जून को करने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

संपूर्ण देश की शिक्षा व्यवस्था में सर्वाधिक चर्चा परीक्षा को लेकर चल रही है। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा टीईटी परीक्षा अनिवार्य करने पर शिक्षक नाराज है और परेशान भी है। देश के 25 लाख शिक्षक जिनमें मध्यप्रदेश 1 लाख 50 हजार शिक्षक इस दायरे में आ रहे है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने बताया कि एनसीटीई के 2010 में जारी संशोधन के लाखों शिक्षक और उनके करोड़ों परिजन दुखी है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की राष्ट्रीय इकाई अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने इसे लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा कर दी है। देश के सभी 802 जिला मुख्यालयों पर 18 जून को एक साथ प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपे जाएंगे। इसी क्रम में अशोकनगर जिला मुख्यालय पर 18 जून को शाम 4 बजे रैली निकालकर 5 बजे कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। शिक्षक संघ का स्पष्ट मत है कि कोई भी कानून भूतलक्षी प्रभाव से लागू नहीं होता है। 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षक शासन की नियमावली के आधार पर शिक्षक बने थे।ऐसे में उम्र के अंतिम पड़ाव पर उनकी परीक्षा लेना नीतिसंगत नहीं है।केंद्र सरकार संसद के मानसून सत्र में अध्यादेश लाकर विधिक उपाय कर शिक्षकों की नौकरी को सुरक्षित और संरक्षित करे।इस परीक्षा के द्वारा 25 से 30 साल की सेवा कर चुके शिक्षकों की पुनः परीक्षा लेना, शिक्षकों के सम्मान और स्वाभिमान के प्रतिकूल है। जिस देश में राष्ट्र निर्माता शिक्षक अपनी रोजीरोटी के लिए सड़कों पर उतरेगा तो शिक्षा व्यवस्था चैपट होना तय है। शिक्षक संघ ने आव्हान किया है कि सभी शिक्षक अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

मैथिल ओझा सामाज के सामाजिक कार्यक्रम में ट्रस्ट का विस्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

रविवार को मैथिल ओझा समाज ट्रस्ट धर्मशाला पर सामाजिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर सुंदरकांड के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मंच संचालन का काम देवेश ओझा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बाहर व अन्य जिले और तहसीलों से आये समाज के अध्यक्षों व समाज जनों ने मिलकर जिला अशोकनगर के ओझा समाज का जिलाध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी शिवराज ओझा करैया को बनाया गया व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक ओझा पिपरेसरा को बनाया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के विस्तार हेतु मैथिल ओझा समाज ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष बृजेश ओझा के द्वारा ट्रस्ट के युवा अध्यक्ष धर्मेंद्र ओझा रॉवसर को बनाया गया। साथ ही ट्रस्ट की महिला अध्यक्ष द्वारा महिला मंडल का विस्तार कर, प्रमाण पत्र वितरण किये गए। कार्यक्रम के अंत मे पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र ओझा द्वारा कार्यक्रम में आये हुए सभी समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला गुना, आरोन व ईसागढ,.शाढ़ौरा, मुंगावली, राजपुर के अध्यक्षों सहित सम्पूर्ण जिले से समाज बंधु भारी संख्या में उपस्थित हुए।

21 को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया

रोटरी के नेत्र शिविर में 66 मरीजों की जांच

अशोकनगर। रविवार को रोटरी क्लब द्वारा श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय लटेरी के सहयोग से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया गया। इसमें काफी संख्या में मरीजो ने उपस्थित होकर जांच करवाई एवं कई मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

इस नेत्र शिविर में श्री करुणानिधि सेवा समिति अशोकनगर का विशेष सहयोग रहा। रोटरी के मीडिया प्रभारी सुभाष जैन कैंची ने बताया कि इस शिविर में सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ.अनिल पटेल एवं शिव गनेश ने 66 मरीजो की जांच की गई एवं 21 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। ज्ञातव्य है कि रोटरी क्लब द्वारा अशोकनगर में प्रतिमाह के दूसरे रविवार को यह शिविर कई

वर्षों से अनवरत आयोजित किया जा रहा है, जिसमे अन्य जिलों से भी मरीज उपचार के लिए आते है। अभी तक 2500 से अधिक मरीजों की जांच की जाकर उन्हें पूर्ववत नेत्र ज्योति प्रदान की जा चुकी है। इस शिविर में अध्यक्ष अजीत जैन बीमा, रोटेरियन बी.डी. गुप्ता, माधव सिंह रघुवंशी सहित अन्य ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।

मैराथन बैठकें जारी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के श्योपुर दौरा को लेकर प्रशासन पशोपेश में पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर

21 जून को श्योपुर प्रवास पर आ रही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की तैयारी वैसे तो युद्ध स्तर पर की जा रही है लेकिन प्रशासन कार्यक्रम को लेकर फिलहाल पशोपेश में दिखाई पड़ रहा है. प्रशासन की ओर से तैयारी तो बहुत सारी तैयारियां की जा रही है लेकिन राष्ट्रपति भवन से किन कार्यक्रमों को शामिल करने स्वीकृति मिलेगी फिलहाल यह क्लियर नहीं है।

राष्ट्रपति भवन से हरी झंडी मिलने के बाद ही तय किए गए कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा लेकिन प्रशासन इस मामले में कोई को कमी नहीं रहने देना चाह रहा है। रोज मैराथन बैठक जारी है शुक्रवार को जहां कमिश्नर और आईजी ने कूनों में पहुंचकर संभावित दौरे भ्रमण का जायजा लेते हुए बैठक की थी वही शनिवार को कलेक्टर शीला दाहिमा ने शनिवार को बैठक लेकर अफसरों को राष्ट्रपति के कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपी।

कलेक्टर शीला दाहीमा ने अफसरों को निर्देशित किया कि राष्ट्रपति 21 जून को श्योपुर पहुंचेंगे जहां वह रेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे दूसरे दिन वह कूनो का भृमण करेंगी. इस दौरान वह कौन से कार्यक्रमों में शामिल होंगी इसके लिए हमें मानसिक रूप से तैयार रहने की जरूरत है। हालांकि अभी कार्यक्रम क्लियर नहीं हुए हैं लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि राष्ट्रपति चीता मित्रों के साथ संवाद कर सकती हैं साथ ही आदिवासी स्टूडेंट के साथ पढ़ाई पर चर्चा कर सकती हैं। आदिवासी महिला जनप्रतिनिधियों से संवाद भी हो सकता है इन सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।

रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

बीना- रूठियाई मेमू ट्रेन शुरू नहीं हुई तो स्वीकृती का क्या लाभ

अशोकनगर। सकल दिगम्बर जैन समाज गुना द्वारा रेल मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर आगामी पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान रेल सुविधाएं बढ़ाने की मांग की गई है। ज्ञापन सदस्य एवं यात्री सेवा संगठन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में बताया गया है कि गुना नगर में राष्ट्रीय संत शिरोमणि पूज्य सुधासागर महाराज का मंगल सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। उनके पावन सान्निध्य में 16 जून से 22 जून तक भव्य पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्री से बीना-रुठियाई मेमू (61611/12) के चारों फेरे नियमित रूप से प्रारंभ करने की मांग की गई है। साथ ही रुठियाई से संचालित होने वाले चैथे एवं अंतिम फेरे का समय रात्रि 8 बजे के स्थान पर 8.40 बजे करने का अनुरोध किया गया है। सुनील आचार्य ने रेल मंत्री के नाम ज्ञापन को मेल करके अवगत कराया साथ क्षेत्रीय सांसद एंव केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी निवेदन किया।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजूरिया सूबेदार निवासी मोहन शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अंकित अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करमसी निवासी बाईसाब पत्नि गोलू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र और सुनीता कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदनबेहटा निवासी रामपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जीतू, राजपाल, मिटठूलाल और गोलू अहिरवार ने उसके पिता और लड़के के मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मिटठूलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामपाल और पहाडसिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

दो बाईक आपस में टकराईं, दो घायल

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत सजन पुत्र अरबिंद तिवारी उम्र 16 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मनन पैलेस के पास पिपरई मुंगावली के रोड़ पर अज्ञात बाईक चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे फरियादी व उसके दोस्त को चोटे आई हैं।

अज्ञात चोर बाईक चुरा ले गए

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत भदौरा थाना म्याना जिला गुना निवासी मोहन वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ककरूआ तूमैन में कैलाश वंशकार के घर के पास से कोई अज्ञात आरोपी उसकी बाईक चोरी कर ले गया, जिसका नंबर एमपी 08 जेडके 9529 है। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का मामला दर्ज कियाहै।

जुए के अडडे से तीन मोबाइल, एक बाइक और 26900 रूपए बरामद

अशोकनगर। शाढ़ौरा पुलिस ने रेलवे ट्रेक के पास ग्राम पहाड़ा में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए विनोद, चन्द्रप्रकाश और कल्याण गौस्वामी को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से ताश की गडडी और तीन मोबाइल एक मोटरसाईकिल और 26900 रूपए नगर बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों पर जुआं एक्ट का मामला दर्ज किया है।

अज्ञात आरोपी ने 1 लाख 20 हजार रूपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी की

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम बमुरिया दांगी निवासी मोनू पुत्र अशोक दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 7 जून से 13 जून के बीच अज्ञात आरोपी द्वारा फरियादी को कई प्रकार के प्रलोभन देकर 120494 रूपए अपने खाते में ऑनलाईन डलवाए और ऑनलाईन धोखाधड़ी की।

संपर्क अभियान अंतर्गत 11 स्थानों पर शिविर आयोजित

अशोकनगर। संपर्क अभियान 2026 के अन्तर्गत शनिवार को जिले में 11 स्थानो पर शिविरो का आयोजन किया गया। जिसमें विल संबंधी एवं अन्य विषयो के संबंध में 469 शिकायते प्राप्त हुई ,जिनमें से 417 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही शिविर के दौरान किया गया। उक्त शिविर में 109 घरेलू तथा 137 कृषि उपयोग हेतु नवीन सर्विस कनेक्शन मौके पर ही जारी किये गये एवं 18 उपभोक्ताओ के नाम परिवर्तन किये गये। खराब मीटरो को मौके पर ही बदला गया। वोल्टेज संबंधी शिकायतो का निराकरण किया गया तथा ट्रांसफार्मर मेंटेनेंश भी शिविर के दौरान कराया गया। उपभोक्ताओं से शिविर के दौरान लगभग 8.00 लाख रूपये की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी भी सभी 11 शिविरो में लगाई गई। कैम्प में उपस्थित सभी ग्रामीणो एवं गणमान्य जन प्रतिनिधियो के समक्ष डिजिटल मीटर तथा स्मार्ट मीटर की विद्युत खपत की तुलना करने पर दोनों मीटरो की विद्युत खपत समान पाई गई।

परिवारजनों ने हत्या का आरोप लगाया, शहर के अस्पताल चौराहे पर किया विरोध प्रदर्शन

युवक का शव हैदर गांव की नदी में मिला, शरीर पर चोटों के निशान मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हैदर में रविवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब 19 वर्षीय धनपाल रजक का शव गांव के पास नदी में पाया गया। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान होना पाए गए, जिसके बाद परिवार जनों ने हत्या की आशंका जताई है, उक्त घटना को लेकर स्थानीय अस्पताल चैराहे पर मृतक के परिवार जनों ने विरोध जताया और जाम लगाकर हत्या का मामला दर्ज किए जाने की मांग की।

घटना की जानकारी रविवार की सुबह तब हुई जब शौच के लिए निकला युवक धनपाल रजक जब काफी देर तक घर नहीं वापिस नहीं आया तब परिवार के लोग उसे तलाशते तलाशते नदी के पास तक पहुंचे, जहां परिवार जनों का

कहना है कि धनपाल रजक लहूलुहान स्थिति में उसका शव नदी में मिला, जिसके चेहरे पर चोट और खून के निशान थे।

परिवार जन जिला अस्पताल लाए, जहां उसे मृत घोषित किया गया-घटना की जानकारी जैसे ही परिवार जनों को मिली वैसे ही परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ दिन पहले बकरा चोरी को लेकर कोई विवाद हुआ था, जिसके चलते युवक की हत्या की गई है।

हत्या का मामला दर्ज किए जाने की मांग को लेकर चक्काजाम किया गया

आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर परिजनों ने जिला अस्पताल चैराहे पर चक्काजाम कर दिया, जिसके बाद देहात व कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली; फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा होने की बात कह रही है।

चौराहे पर जाम लगाने से वाहन चालक परेशान होते रहे

नाराज परिजनों की मांग है कि इस घटना में जो भी दोषी हैं उन पर कार्यवाही की जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए, इसी मांग को लेकर दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल चैराहे पर परिवार जनों के साथ समाज के लोगों ने चक्का जाम कर दिया। जिससे अंडर ब्रिज से दूसरी ओर जाने वाला रास्ता बंद हो गया। वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी।

पुलिस ने 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया

परिजन मामले में संदिग्धों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उन्होंने पुलिस को कुछ नाम बताए हैं। पुलिस ने चार संदिग्धों सहित दो के परिजनों को हिरासत में लिया है। जिसके बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया। चेहरे पर चोट के निशान और खून बहना पाया गया चेहरे पर चोट के निशान, खून बहने की बात सामने आई: परिजनों के अनुसार धनपाल के चेहरे पर चोट के निशान थे और खून भी बह रहा था। इसी आधार पर उन्होंने मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवक ने इस वर्ष 12वी की परीक्षा पास की थी

फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। बताया जा रहा है कि धनपाल ने हाल ही में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी और वह कॉलेज में प्रवेश लेने की तैयारी कर रहा था। युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

गौ सेवा एवं सदस्यता अभियान को लेकर बनी रणनीति

राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद की संगठनात्मक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री युगल सरकार मंदिर में आज राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, गौ सेवा, गो रक्षा एवं "सदस्य जोड़ो अभियान" को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गौ सेवा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। समाज के प्रत्येक वर्ग को गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन के कार्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर संगठन के सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जिला, नगर एवं तहसील स्तर पर सदस्यता अभियान को तेज गति से चलाया जाएगा तथा गौशालाओं के सहयोग, गौ संरक्षण, जनजागरण और सामाजिक सेवा के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

साधारण सभा की बैठक 17 व 18 जून को होगी

अशोकनगर। सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर महासंघ का प्रदेश सम्मेलन एवं साधारण सभा की बैठक 17 व 18 जून 2026 को सेवा भारतीय आवासीय विद्यालय केदारपुरम, ग्वालियर में आयोजित की गई है। जिसमें वसंत पुरोहित संरक्षक के बिशेष प्रयासों से मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र सिंह तोमर, विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति की सहमति व स्वीकृति प्राप्त हो गई है, साथ ही रमेश चंद्र शर्मा, अध्यक्ष म.प्र.कर्मचारी कल्याण समिति केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त की उपस्थिति की स्वीकृति भी प्राप्त हो गई है। उपरोक्त दोनों के द्वारा अपना अमूल्य समय देने के लिए पेंशनर महासंघ हार्दिक स्वागत करता है व हर्ष व्यक्त करता है।

पत्नी की पुण्य स्मृति में पति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदाताओं से 32 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एवं अस्पताल प्रबंधन के सहयोग से स्वर्गीय अल्पना रघुवंशी पत्नी नरेश रघुवंशी महाना बालों की स्मृति में उनके पति तथा परिजनों, जिसमें नरेंद्र रघुवंशी रामकृष्ण रघुवंशी ने इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव संजय रघुवंशी ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ अपर कलेक्टर डीएन सिंह द्वारा किया गया एवं सभी रक्तदाताओं का रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ जयमंडल सिंह यादव, प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी देवेंद्र अग्रवाल सतीश पाराशर डॉक्टर राजकुमार शर्मा विकास रघुवंशी हरि सिंह रघुवंशी अंकित छाबड़ा उपस्थित रहे। विशेष रूप से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गुना के सचिव डॉक्टर रामवीर सिंह रघुवंशी तहसीलदार रोहित रघुवंशी, एसडीओपी विवेक शर्मा, विधायक हरीबाबू राय, पूर्व विधायक जजपाल सिंह पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र रघुवंशी महेंद्र सिंह रघुवंशी शाढ़ौरा से विजय सिंह रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष शाढ़ौरा नरेश रघुवंशी आदि रहे मौजूद।

अधिक मास के पावन अवसर पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ग्राम पिपरेसरा में एक दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के पावन अवसर पर जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा गायत्री मंत्र का कलयुग में बहुत बड़ा प्रभाव है। इसका एक उदाहरण श्रीमद् भागवत कथा के महत्व में बताया गया है। धुंधकारी प्रेत योनि को प्राप्त हो गया था कुछ बोल नहीं पा रहा था उस समय गौकरण महाराज ने गायत्री मंत्र द्वारा जल आमंत्रित करके उसके ऊपर छिटका तो उसको बोलने की शक्ति प्राप्त हुई और उसने अपना परिचय दिया। नित्य त्रिकाल गायत्री संध्या करने वाला एक वर्ष पर्यंत त्रिकालदर्शी हो जाता है पूर्व में जितने हमारे संत धर्माचार्य हुए उन सब लोगों ने गायत्री मंत्र को सिद्ध कर लिया था और इसी कारण उनके द्वारा बोले गए वचन हमेशा सत्य होते थे। कलयुग में भी गायत्री मंत्र का फल बहुत बड़ा है लेकिन महत्व को न जानने वाले लोग श्रद्धा नहीं रखते हैं इसलिए फल भी नहीं मिलता गायत्री मंत्र के प्रभाव से धन संपत्ति वैभव ऐश्वर्य दस गुना ज्यादा हो जाती है।

पंच कल्याणक महोत्सव विश्व शांति महायज्ञ के पात्रों का किया गया बहुमान

शोभायात्रा निकालकर भगवान के माता-पिता की हुई गोदभराई

विश्व शांति महायज्ञ में बड़ी संख्या में जायेगा जैन समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ 18 पिच्छिकाओ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया शुयस अशोकनगर के निर्देशन में 17 जून से 22 जून तक हो रहें श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ को लेकर अशोकनगर पहुंचे। जहां दिगम्बर जैन समाज द्वारा उनका बहुमान किया गया और गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस दौरान पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव गुना में भगवान के माता-पिता एस.के. जैन अध्यक्ष पुण्योदय तीर्थ कमेटी अरविंद जैन (शरद एजेंसी) गौशाला अध्यक्ष

देवेन्द्र सिंघई सुधीर छतरपुरिया, सुनील छतरपुरिया पांच मुखी पंच कल्याणक में माता पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिनका बहुमान आज शनिवार को प्रातः काल आदीश्वर धाम सुभाष गंज जैन मन्दिर में विराजमान परम पूज्य 108 मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया। भगवान के माता-पिता वने श्री मति संगीता देवेन्द्र कुमार सिंघई महा यज्ञनायक वने डॉ प्रतीष जैन पिंपरई को शोभायात्रा के साथ प्रवेश कराया जहां प्रवचन उपरांत सुभाष गंज जैन मन्दिर सभी संगठनों महिला मंडलों दारा गोद भराई का कार्यक्रम किया गया।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक आयोजित की गई

अशोकनगर। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक शनिवार को स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित की गई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में मोर्चा प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप शुक्रवारे भी शामिल हुए। मोर्चा प्रदेश महामंत्री का स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं संगठन सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में अनूसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश पंथी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, लड्डूराम कोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र लोधी,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष माधौराज यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेशपंथी, अनूसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामवीर धनोरिया, मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं संगठन सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

मानसिक रोगी ग्रस्त महिला को महिला आश्रम भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

रेलवे स्टेशन पर रविवार की सुबह एक मानसिक रोगी महिला घूम रही थी, रेलवे स्टेशन पर सूचना मिली कि उक्त महिला को रात्रि में कुछ लोगों ने परेशान किया। रात्रि में स्टेशन पर खूब शोर हुआ। मोहम्मद इकबाल ने तुरंत बजरंग दल प्रमुख्य डॉ दशरथ सिंह यादव को सूचना दी और वह अपनी टीम को लेकर तुरंत रेलवे स्टेशन पहुंचे। उक्त

महिला से बात की तो वह ठीक से बोल नहीं पा रही थी। उसको खान पान करवा कर थाना प्रभारी ओ पी मिश्रा को सूचना दी गई, जिस पर उक्त महिला को पुलिस थाने ले जाकर सुरक्षा प्रदान की गई। इस दौरान राहुल जैन नए कपड़े लाए ओर उसको कपड़े पहनाए साथ में नरेश आदिवासी शुभम राठौर का काफी सहयोग रहा। बाद में जीप से शिवपुरी महिला अनाथ आश्रम के लिए रवाना किया। जैसे ही उक्त महिला के घर वालों की कोई जानकारी लगती है तो उसे उसके घर पहुंचाने में भी सहयोग किया जाएगा।

सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष के प्रसंग के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा का समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महेश्वरी समाज द्वारा चंदेरी नगर के श्री जानकीनाथ शनि मंदिर के पीछे आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिन कथावाचक ने सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई और राजा परीक्षित के मोक्ष के प्रसंगों का सूक्ष्म और मर्मस्पर्शी वर्णन किया, जिसे सुनकर पाण्डाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

कथा के मुख्य प्रसंग सुदामा चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अयोध्या धाम से पधारे प्रख्यात कथावाचक, परम पूज्य प्रेममूर्ति दिव्यांशु महाराज ने भक्तों के सामने सच्ची दोस्ती की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में लोग स्वार्थ के लिए मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर भूल जाते हैं। इसके विपरीत, भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निस्वार्थ थी और समाज में समानता का संदेश देती है। सुदामा जी ने अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सखा कृष्ण का चिंतन और स्मरण नहीं छोड़ा, जिसके फलस्वरूप भगवान ने उन्हें परम पद प्रदान किया है।

धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश-उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन का सार समझाते हुए कहा कि मनुष्य को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। कर्म करो, लेकिन फल की इच्छा मत करो, क्योंकि भगवान हमेशा सच्चे भक्तों के हृदय में ही वास करते हैं। जीवन में प्रत्येक प्राणी को परमात्मा से एक रिश्ता जरूर बनाना चाहिए, क्योंकि ईश्वर से जुड़ा यही रिश्ता जीव को मोक्ष की ओर ले जाता है। उन्होंने आगे बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रद्धापूर्वक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इसका आयोजन कराने वाले भी महान पुण्य के भागी बनते हैं।

यज्ञ में श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़, प्रसादी का वितरण हुआ

समस्त महेश्वरी समाज चंदेरी द्वारा आयोजित इस भव्य कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु पाण्डाल पहुंचे। कथा की पूर्णाहुति के बाद महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद उपस्थित सभी भक्तों के बीच प्रसादी का वितरण किया गया। पूरी कथा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय भजनों और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गुंजायमान रहा।

पूर्व विधायक ने मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की

माधव भवन में हुआ ओझा समाज समिति का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सभी प्राणियों में एक समान ही जीवात्मा का वास है। लेकिन इन योनियों में इंसान को श्रेष्ठ माना जाता है। क्योंकि, इंसान ही अच्छे बुरे का भेद जानने की क्षमता रखता है। व्यक्ति के व्यक्तित्व में निखार समाज में रहने से ही आता है। बिना समाज का व्यक्ति पशु समान ही है। यह बात पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने ओझा समाज के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। रविवार को ओझा समाज समिति अशोकनगर का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया। समारोह में पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, महेंद्र भारद्वाज, जयमंडल सिंह यादव, धर्मेंद्र रघुवंशी, सलिल त्रिपाठी, नव नियुक्त जिलाध्यक्ष

लल्लीराम ओझा, गुना की भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रजनी ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष काशीराम ओझा। खास तौर से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा जी के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत भाषण ओझा समाज समिति के नव नियुक्त संरक्षक प्रदीप ओझा ने दिया। इसके बाद भाजपा नेत्री रजनी ओझा ने महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। आज नारी अबला नहीं सबला है।

पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने समाजसेवा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, वह ओझा समाज के साथ हमेशा खड़े नजर आएंगे। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री विश्वकर्मा जी के निर्माणाधीन मंदिर के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजन

वरिष्ठजनों के सम्मान में भाजपा का अभिनंदन कार्यक्रम इन्हीं के संघर्ष से मजबूत हुआ संगठनः विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं वृद्धजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्राम तुर्कीपुरा, लसुलिया रामनाथ, कांकरिया, झालड़ा तथा कुरावर नगर में आयोजित कार्यक्रमों में वरिष्ठजनों का मंगल तिलक लगाकर एवं पारंपरिक साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

कुरावर मंडी परिसर में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि भाजपा आज जिस मुकाम पर पहुंची है, उसके पीछे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पुरोधाओं का त्याग, संघर्ष एवं वर्षों का अथक परिश्रम है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी कार्यकर्ताओं ने संगठन और विचारधारा को मजबूत बनाए रखा, जिसके परिणामस्वरूप आज केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। उन्होंने वरिष्ठजनों को भाजपा की मजबूत नींव बताते हुए उनके योगदान को सदैव प्रेरणादायक बताया।

विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने राम मंदिर निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती तथा वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को केंद्र सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। कार्यक्रम को अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल महामंत्री लखन राजपूत ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. दिनेश मंडलोई ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, सत्येंद्र सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष रवि मीना, रामेश्वर नायक, जगदीश जागीरदार, कैलाश मंडलोई, गोविंद मालवीय, शिवचरण मंडलोई, बद्रीप्रसाद मंडलोई, गणेश महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

तेज आंधी-बारिश से कई पेड़ धराशायी, टीनशेड फ्लेक्स उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं और आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से लोगों को दिनभर की 'उमस और भीषण गर्मी से राहत' मिली। लेकिन 'तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर नुकसान' भी हुआ। तेज आंधी से कई पेड़ धराशाई हो गए, जिससे कुछ मार्गों पर आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई। वहीं तेज हवाओं के चलते 'तीन टीनशेड एवं फ्लेक्स उड़ने' की सूचना मिली है। किसानों ने बारिश को फसलों के लिए लाभदायक' बताया, वहीं तेज हवा से कुछ स्थानों पर फसलों को नुकसान की आशंका भी जताई गई है। मौसम में आए इस बदलाव से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। 'प्रशासन द्वारा लोगों से खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों तथा कमजोर ढांचों से दूर रहने की अपील' की गई है।

भागवत कथा में रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

दुनिया चाहे कुछ भी कहे, हमें हमारे लक्ष्य से नहीं भटकना चाहिए। अपने लक्ष्य से न भटकना सफलता की सबसे पहली और महत्वपूर्ण कुंजी है। स्थिर ध्यान और निरंतर प्रयास से सफलता जरूर मिलती है। उक्त कथन श्रीराम मांगलिक भवन रंगेरवाड़ी सारंगपुर में चल रही भागवत कथा के छठवे दिन शनिवार रात्रि को कथा वाचक श्रीश्री 108 मण्डलेश्वर आचार्य श्री रामप्रसाद जी व्यास ने कहे। इससे पूर्व मुख्य यजमान समाज सेवी विष्णु प्रसाद जोशी ने सपरिवार भागवतजी की आरती उतारी। इसी कड़ी मे आचार्य व्यास ने कंस वध, महा रासलीला और रुकमणी विवाह के प्रसंग का विस्तार के वर्णन किया। श्रीकृष्ण ने रुक्मणी का हरण कर उनसे विवाह किया था।

इस प्रसंग के माध्यम से यह समझाया गया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वे भगवान नारायण से दूर नहीं रह सकतीं। साथ ही भागवत कथा के दौरान कथा वाचक आचार्य व्यास ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रुपल प्रमोद सादानी, वरिष्ठ पेंसनर प्रेम शंकर पाण्डेय, जयहिंद प्रकाश दुबे, सत्य नारायण शर्मा, पर्यावरण प्रेमी नंद किशोर सोनी, लक्ष्मी नारायण त्रिकार, वरिष्ठ अभिभाषक ओम प्रकाश विजयवर्गीय, सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, समाज सेवी केशव लाल राठौर, राजेंद्र पालीवाल, महेश पाटीदार सहित कई महिलाओ व पुरुषो ने भागवत कथा का श्रवण किया। वही भागवत कथा के सातवे दिन रविवार को विभिन्न प्रसंग सुनाकर आचार्य व्यास ने कथा का समापन किया।

गोवर्धन नाथ जी की हवेली में भागवत कथा संपन्न

मालवी भाषा शैली में संगीतमय कथा सार का रोचक चित्रण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के गोवर्धन नाथ जी की हवेली में मोहनलाल गुप्ता दुपाड़िया वाला परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम हुआ। अंतिम दिवस कथा में पं. कमल बिहारी जी नागर ने 'मालवी भाषा शैली में संगीतमय कथा सार' का रोचक चित्रण किया। पं. नागर ने कहा कि 'भागवत श्रवण से पाप से मुक्ति मिलती है'। शुकदेव जी ने 'राजा परीक्षित को भागवत श्रवण कराकर मोक्ष प्रदान कराया' था। 'सुदामा-कृष्ण मित्रता' के प्रेरणादायी प्रसंग को समझाते हुए कहा कि 'ष्मित्र वही जो संकट के समय काम आवेष्'। सच्ची मित्रता में कोई भेदभाव नहीं होता। जरासंध एवं कालयवन प्रसंग' का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान कृष्ण की रणनीति से धर्म की रक्षा हुई। जीवन में आवश्यकता पर कहा कि 'भगवान का संदेश है- अचानक दरवाजा नहीं खोलना चाहिए, क्योंकि आने वाले का क्या भाव है यह पता नहीं होता'। साथ ही मन को मुकाम पर रखो तो सारे काम बनते हैं। कथा के समापन पर आरती-पूजन कर प्रसादी वितरित की गई। बड़ी संख्या मेडतवाल समाज सहित अन्य धार्मिक श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ लिया।

भागवत कथा में सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में एसके मुंदड़ा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस पर कथावाचक 'कमलेश भाई जी' ने भगवान श्रीकृष्ण एवं उनके परम मित्र सुदामा के चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए 'द्वारिका लीला' का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि 'सच्ची मित्रता, भक्ति और समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण सुदामा चरित्र है'। भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका लीला का वर्णन करते हुए बताया कि 'भगवान अपने भक्तों के प्रेम के आगे सदैव नतमस्तक रहते हैं'। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा परिसर 'ष्हरे कृष्ण-हरे कृष्णष्' के जयकारों से गुंजायमान हो गया। कथा समापन अवसर पर 'महाआरती एवं प्रसादी वितरण' का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन के समापन पर 'आयोजक मुंदड़ा परिवार' ने कथा में पधारे सभी श्रद्धालुओं, भक्तजनों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर मौत

ब्यावरा। शहर के शहीद भरथरे बस स्टेंड के सामने रविवार सुबह तेज गति से जा रहे ट्रक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मारकर रौंदते हुए निकल गया। पुलिस के मुताबिक मांगीलाल सौंधिया निवासी अरन्या बाइक से बस स्टैंड पर जा रहा था, तभी ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचओ 9754 का चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मांगीलाल को करीब 100 फीट तक घसीटते हुए ले गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव वाहन बुलाकर पीएम के लिए अस्पताल भेजा और टक को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

किसानों के सम्मान में कांग्रेस की विशाल रैली एवं आमसभा आज

जीरापुर। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विशाल आंदोलन और ट्रैक्टर रैली सहित आमसभा स्थानीय बस स्टेड पर सोमवार प्रातः 11 बजे कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में रखा गया है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वर्तमान समय में किसानों को आ रही खाद की भारी समस्या। अघोषित और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशानी। क्षेत्र में गहराती पेयजल (पीने के पानी) की समस्या। जैसे अहम मुद्दों को लेकर यह रैली निकाली जाएगी।

समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और किसान भाइयों से पार्टी ने अधिक से अधिक संख्या में अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर आने का आह्वान किया और अन्नदाताओं के हक की इस लड़ाई को मजबूत बनाएं।

फूलमाली समाज खारीया धर्मशाला में टीन शेड निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर के वार्ड क्रमांक एक खारीया मोहल्ला स्थित फूल माली समाज धर्मशाला में टीन शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम रविवार को मोहल्ला खारीया समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद की अध्यक्षता में एवं सकल पंच फूल माली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद काका पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल पुष्पद फूलमाली महापंचायत जिला अध्यक्ष जगदीश पुष्पद किडी पंचायत अध्यक्ष प्रेम नारायण पुष्पद बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष केलाश वर्मा भेरू दरवाजा पंचायत अध्यक्ष धन सिंह पुष्पद पछेटवाडी पंचायत अध्यक्ष केलाश पुष्पद भगत पार्षद राकेश पुष्पद तारा गंज पंचायत अध्यक्ष रामचन्द्र पुष्पद पुर्व पार्षद रामचरण पुष्पद सहित अन्य अतिथियों के मुख्य आथित्य मे संपन्न हुआ। खारीया पंचायत अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद ने बताया कि मोहल्ला खारीया के सभी समाज जनो के सहयोग से धर्मशाला परिसर मे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए एक 30 बाय 90 के टीनशेड का निर्माण कराया जाएगा जिससे समाज बंधुओं को बारिश के दिनो मे कार्यक्रम करने मे सुविधा होगी। खारी या पंचायत द्वारा सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सकल पंच सचिव गोरीलाल पुष्पद ने किया तथा आभार मोहल्ला सचिव रामेश्वर पुष्पद ने माना। इस अवसर पर समाजजन मौजूद रहे।

चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुरावर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। कार्रवाई के दौरान चार आरोपियों को अभिरक्षा में लिया गया है, जिनके कब्जे से लगभग 80 हजार रुपये मूल्य के वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी नरसिंहगढ़ प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में थाना कुरावर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

थाना कुरावर में दर्ज अपराध की विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की तलाश की। जांच के दौरान संदीप पिता सुमेर सिंह राजपूत (19 वर्ष) निवासी लसूडिया रामनाथ एवं तरुण सोनी पिता बृजमोहन सोनी (24 वर्ष) निवासी बालाजी कॉलोनी, कुरावर के कब्जे से चोरी गई एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 39 जेडए 5142 बरामद की गई। वहीं एक बाल अपचारी एवं रोहित पिता रामस्वरूप निवासी लसूडिया रामनाथ के कब्जे से मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 04 जेड बी 1848 बरामद की गई। पुलिस आरोपियों से अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक मिथुन जाट, नरेश, प्रदीप बैरागी, आरक्षक नवल एवं राहुल चंदेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रधानमंत्री मेगा अपार दिवस मनाकर मौके पर बनाई गई बच्चों की अपार आईडी, कल स्कूलों में मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प अनुसार प्रत्येक बच्चे की अपार आईडी बनाई जाने के लक्ष्य अनुसार प्रत्येक शनिवार को अपार आईडी दिवस जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर मनाने संबंधित आदेश हुए हैं। इसी अनुरूप जनशिक्षा केन्द्र भीलवाडिया में 14 जून को अपार आईडी बनाई गई तथा जिन बच्चों के नाम में संशोधन है उन बच्चों के फार्म भरवाकर बीआरसी में जमा करने के निर्देश दिए गए ताकि उनकी अपार आईडी अगले सप्ताह के शनिवार तक अपार आईडी बनाई जा सके। यह पखवाड़ा पूरे जून माह तक चलेगा शत प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी बनाई जा सकेगी। इस अवसर पर आवश्यक सभी निर्देश राज्य शिक्षा केंद्र के लिए गए।

16 जून से स्कूल में होगा प्रवेश उत्सव

16 जून से शुरू हो रहे प्रवेशोत्सव को लेकर सभी को निर्देश दिए कि इसी दिन पुस्तक वितरण जन प्रतिनिधियों के माध्यम से करवाई जाए माला पहनाकर प्रवेश उत्सव मनाया जाए। इस दिन विशेष भोज बनाया जाएगा जिसमें खीर पुड़ी, लड्डू, मिठाई,नमकीन, अचार सब्जी ,दाल मीनू अनुसार बनाई जाए, शत-प्रतिशत बच्चों की मैपिंग की जाए, प्रोग्रेशन, चाइल्ड ट्रैकिंग पर 1 कक्षा के बच्चे को दर्ज किया जाए, स्कूल भवन में साफ सफाई पुताई की जाए कूड़ा-करकट हटाया जाए , पेड़ पौधों में पानी दिया जाए, एफ एल एन समय सारणी , ट्रेकर शीट शिक्षा का कोना, टीएल एम सामग्री,किट आदि का उपयोग करते हुए लक्ष्य अनुसार शिक्षक संदर्शिका का उपयोग करते हुए अध्यापन कार्य करवाया जाए। हमारे शिक्षक एप पर हाजरी लगाई जाए, पालक संपर्क किया जाए, साक्षरता नोडल शिक्षक प्रत्येक स्कूल में बनाया जाए जहां हाई स्कूल सांसें स्कूल है वहां के बच्चे को मेंटर बनाया जाना है।

21 जून को मनाया जाएगा कबीर उत्सव तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विश्व वंदनीय संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में 21 जून को आयोजित होने वाले कबीर उत्सव, चल समारोह एवं विशाल भजन संध्या की तैयारियों को लेकर रविवार को शगुन विहार कॉलोनी में समाजजनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई तथा समाज के लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में समाज के वरिष्ठजन सेवानिवृत्त रतनलाल मालवीय, नारायणसिंह मालवीय, रोडमल मालवीय, माखन सिंह सौराष्ट्रीय, मोहनलाल मालकीवीय, फॉरेस्ट रेंजर निकुंज मालवीय, महिला मंडल से माया चैहान, संगीता मालवीय, विनोद गोयल, सुनील गोयल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाम 4 बजे चल समारोह, शाम 7 बजे अतिथियों का स्वागत तथा रात्रि 8 बजे से विशाल कबीर भजन संध्या का आयोजन होगा। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कबीर भजन गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। वहीं राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।